# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
# सामान्य अध्ययन
## प्रारम्भिक परीक्षा-2016 (प्रथम प्रश्न-पत्र)

*समय : 2 घंटे* *अधिकतम अंक : 200*

1. हाल ही में जारी 2011 की जनगणना से संबंधित अतिरिक्त आंकड़ो के अनुसार भारत के किस समुदाय में सबसे कम लिंगानुपात है?
(a) बौद्ध (b) सिख
(c) जैन (d) मुस्लिम

2. सऊदी में मक्का की स्थानीय परिषद में निर्वाचित होने वाली प्रथम महिला है:
(a) मरिअम बिंत (b) हनूफ विंत
(c) सलमा बिंत (d) आशमा बिंत

3. हाल ही में सुर्खियों में आया वेंडेलस्टीन 7x संबंधित है:
(a) वाष्प ऊर्जा से (b) सौर ऊर्जा से
(c) ऊष्मीय ऊर्जा से (d) नाभिकीय ऊर्जा से

4. विश्व के कितने देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था लागू है?
(a) 32 (b) 25
(c) 24 (d) 22

5. अभी हाल में किस देश ने एक बच्चे के मानक की नीति को अस्वीकृत कर माता-पिता को दूसरे बच्चे हेतु अनुमति दी है?
(a) स्वीडन (b) क्यूबा
(c) चीन (d) फिनलैण्ड

6. टाइम्स मैगज़ीन द्वारा निम्नलिखित में से किसे 'परसन ऑफ द ईयर 2015' चुना गया?
(a) बराक ओबामा (b) एबी.अल. बगदादी
(c) फ्रैन्क्वायज ओलैंडो (d) एंजीला मर्केल

7. केन्द्र सरकार द्वारा किसका जन्मदिन मनाने के लिये 'सेवा दिवस' प्रस्तावित किया गया है?
(a) अटल बिहारी बाजपेयी (b) दीनदयाल उपाध्याय
(c) श्यामा प्रसाद मुखर्जी (d) वीर सावरकर

8. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित ज़िलों में से किसमें 112 वर्ष की बुजुर्ग महिला (नौरोजी देवी) को ग्राम प्रधान चुना गया है?
(a) मऊ (b) गाजीपुर
(c) आज़मगढ़ (d) जौनपुर

9. रघुवीर चौधरी ने, जिन्हें हाल ही में साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया है, जिस साहित्य को सम्पन्न किया है, वह है:
(a) मराठी (b) गुजराती
(c) कन्नड़ (d) हिन्दी

10. भारत के सभी राज्यों को विश्व के अलग-अलग देश मान कर मानव विकास सूचकांक की रैंकिंग के मामले में इन राज्यों को संबंधित देश की रैंकिंग से मिलान करें और नीचे दिये कूट से सही उत्तर चुनें:

| सूची-I (राज्य) | सूची-II (रैंकिंग देश) |
|---|---|
| A. केरल | 1. दक्षिण अफ्रीका |
| B. गुजरात | 2. पाकिस्तान |
| C. उत्तर प्रदेश | 3. होण्डूरास |
| D. महाराष्ट्र | 4. मालदीव |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

11. पुस्तक 'कारगिल: टर्निंग द टाइड' लिखी है:
(a) मोहिंदर पुरी ने (b) अनिता नैयर ने
(c) चेतन भगत ने (d) दुर्जाय दत्त ने

12. भारत में सम्मान हुई इन्टरनेशनल टेनिस प्रीमियर लीग (आईटीपीएल) 2015 में राफेल नडाल ने खेला था:
(a) यू.ए.ई. रायल्स (टीम) की ओर से
(b) जापान वारियर्स की ओर से
(c) इण्डिया एसेज़ की ओर से
(d) फिलिपीन मेवरिक्स की ओर से

13. अभी हाल में भारतीय रेलवे में एक सुनियोजित घोटाला पकड़ा गया। यह भ्रष्ट आचरण (घोटाला) संबंधित है:
(a) रेलवे प्लेटफॉर्म एवं बोगियों में नकली खाद्य सामग्री के विक्रय से।
(b) रेलवे के ब्रान्ड जल 'रेल नीर' से।
(c) मानक से कम की विद्युत सामग्री की आपूर्ति से।
(d) ट्रेनों द्वारा ढुलाई की जाने वाली सामग्री के कम या अधिक बीजक तैयार करने से।

14. भारत ने बराक-8 मिसाइल (नेक्सट जेनरेशन) निम्नलिखित में से किस देश के सहयोग से विकसित की है।
(a) रूस (b) यू.एस.ए.
(c) इज़रायल (d) फ्राँस

15. नेलांग घाटी किस राज्य में स्थित है?
(a) हिमाचल प्रदेश (b) सिक्किम
(c) जम्मू एवं कश्मीर (d) उत्तराखण्ड

16. निम्नलिखित में से किस देश में पहली बार महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया गया तथा उन्होंने इतिहास बनाते हुए 2015 के चुनाव में 13 सीटें जीतीं?
(a) इराक (b) जॉर्डन
(c) सऊदी अरब (d) टर्की

17. निम्नलिखित में से किस बैंक द्वारा 'सिम्पली क्लिक' क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की गई है?
(a) आई.डी.बी.आई. (b) आई.सी.आई.सी.आई.
(c) बी.ओ.बी (d) एस.बी.आई.

18. चौंसठवी मिस चूनीवर्स प्रतियोगिता की विजेता पिया अलोंजों वुर्टज़बेक संबंधित हैं:
(a) फिलीपीन्स से (b) कोलम्बिया से
(c) यू.एस.ए.से (d) फ्रांस से

19. नीचे दिये गए कूट से निम्नलिखित झीलों को क्षेत्रफल की दृष्टि से सही अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये:
1. ग्रेट बियर
2. बैकाल
3. विक्टोरिया
4. सुपीरियर

**कूट:**
(a) 4, 3, 2, 1 (b) 3, 2, 1, 4
(c) 4, 2, 1, 3 (d) 3, 1, 4, 2

20. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?

| | **बन्दरगाह** | | **देश** |
|---|---|---|---|
| (a) | राटरडम | - | नीदरलैण्ड |
| (b) | इगार्का | - | चीन |
| (c) | माण्टेवीडियो | - | उरुग्वे |
| (d) | जकार्ता | - | इण्डोनेशिया |

21. **सूची-I** और **सूची-II** को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (पर्वतीय दर्रा)** | **सूची-II (राज्य)** |
|---|---|
| A. माना | 1. सिक्किम |
| B. नाथुला | 2. जम्मू एवं कश्मीर |
| C. जोजिला | 3. हिमाचल प्रदेश |
| D. शिपकी ला | 4. उत्तराखण्ड |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

22. निम्नलिखित में से कौन सी चट्टान प्रणाली, भारत में नवीनतम है?
(a) विंध्यन (b) कुडप्पा
(c) धारवाड़ (d) गोण्डवाना

23. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?
(a) फोहन - आल्प्स पर्वत
(b) बोरा - पोलैंड
(c) मिस्ट्रल - राइन घाटी
(d) खमसिन - मिस्र

24. निम्नलिखित दर्रों में से किस से होकर लेह जाने का रास्ता है?
(a) जोजिला (b) शिपकी ला
(c) चुम्बी घाटी (d) बानिहाल

25. **सूची-I** और **सूची-II** को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (घास के मैदान)** | **सूची-II (महाद्वीप)** |
|---|---|
| A. लानोज़ | 1. उत्तरी अमेरिका |
| B. स्टैपी | 2. अफ्रीका |
| C. प्रेयरीज़ | 3. यूरोप |
| D. वेल्ड | 4. दक्षिणी अमेरिका |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

26. निम्नलिखित में से कौन सा देश विश्व में चाय का सबसे बड़ा निर्यातक देश है?
(a) भारत (b) चीन
(c) केन्या (d) श्रीलंका

27. **सूची-I** तथा **सूची-II** को सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (जनजाति)** | **सूची-II (क्षेत्र)** |
|---|---|
| A. खिरगिज | 1. जापान |
| B. बुशमैन | 2. अरब |
| C. एनू | 3. मध्य एशिया |
| D. बद्दू | 4. कालाहारी |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

28. **सूची-I** और **सूची-II** को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (औद्योगिक क्षेत्र)** | **सूची-II (देश)** |
|---|---|
| A. फिनकी | 1. चीन |
| B. कैण्टन | 2. जापान |
| C. लोरेन | 3. ब्राजील |
| D. बेलोहौरीजान्टले | 4. फ्राँस |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

29. **सूची-I** और **सूची-II** को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (केन्द्र)** | **सूची-II (खनिज)** |
|---|---|
| A. मकुम | 1. लौह अयस्क |
| B. डल्लीराजहरा | 2. कोयला |
| C. कोरापुट | 3. मैंगनीज़ |
| D. चित्रदुर्ग | 4. बॉक्साइट |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

30. भारतीय प्रायद्वीप की सबसे ऊंची चोटी है:
(a) अटकमण्ड (b) अन्नाईमुदी
(c) दोदाबेटा (d) महाबलेश्वर

31. निम्नलिखित में से किस राज्य में नलकूपों द्वारा सिंचित भूमि क्षेत्र सबसे अधिक है?
(a) बिहार (b) हरियाणा
(c) उत्तर प्रदेश (d) पंजाब

32. भारत में निम्नलिखित में से कौन सा राज्य देश का 70 प्रतिशत से अधिक कॉफी अकेले पैदा करता है?
(a) तमिलनाडु (b) केरल
(c) महाराष्ट्र (d) कर्नाटक

33. भारतीय पर्यटन के 'स्वर्ण त्रिभुज' में सम्मिलित शहर हैं:
(a) आगरा, दिल्ली तथा जयपुर
(b) मथुरा, आगरा तथा ग्वालियर
(c) आगरा, कानपुर तथा लखनऊ
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

34. भारत के पश्चिमी तटीय मैदान के उत्तरी भाग को जिस अन्य नाम से भी जाना जाता है, वह है:
(a) कर्नाटक तट (b) मालाबार
(c) कोंकण (d) कोरोमण्डल

35. तातीपाका तेल शोधनशाला अवस्थित है:
(a) असम राज्य में (b) उत्तर प्रदेश राज्य में
(c) कर्नाटक राज्य में (d) आंध्र प्रदेश राज्य में

36. इन्टीग्रेटेड लो कास्ट सेनीटेशन (आई एल सी एस) योजना के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिये:
1. यह व्यवस्था साझेदारी के आधार पर वित्त पोषित है।
2. केन्द्रीय राज योगदान 75% है।
3. राज्य राज योगदान 25% है।
इन कथनों में से सही कथन हैं:
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

37. दक्षिण-पश्चिम मानसून काल में निम्नलिखित स्थानों में से सबसे कम वर्षा कहां होती है?
(a) कोलकाता (b) मंगलौर
(c) चेन्नई (d) दिल्ली

38. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं हैं?
(a) सरदार सरोवर बाँध - नर्मदा नदी
(b) तिलैया बाँध - कोनार नदी
(c) गांधी सागर बाँध - चम्बल नदी
(d) नागार्जुन सागर बाँध - कृष्णा नदी

39. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में निम्नलिखित राज्यों में से सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य कौन सा हैं?
(a) पश्चिम बंगाल (b) केरल
(c) उत्तर प्रदेश (d) बिहार

40. निम्नलिखित में से कौन सी योजना शहरी अधोसंरचना के विकास के लिये घोषित की गई नई योजना नहीं है?
(a) स्वच्छ भारत मिशन
(b) हेरिटेज सिटी डेवलपमेंट एण्ड ऑगमेन्टेशन योजना
(c) स्मार्ट सिटी योजना
(d) डिजिटल भारत योजना

41. 14वें वित्त आयोग का अध्यक्ष निम्नलिखित में से कौन था?
(a) शांता कुमार (b) सी.रंगराजन
(c) वाई.वी. रेड्डी (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

42. निम्नलिखित में से किस वर्ष में 'राष्ट्रीय भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम' प्रारम्भ किया गया था?
(a) 2008 ई. (b) 2009 ई.
(c) 2010 ई. (d) 2011 ई.

43. भारत में वर्ष 2009-10 में प्रारम्भ की गई 'इन्क्लूसिव एजुकेशन फॉर द डिसएबल्ड एट सेकेण्डरी स्टेज' योजना किसके अंतर्गत प्रदान की जाती है।
(a) साक्षर भारत
(b) सर्व शिक्षा अभियान
(c) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान
(d) कौशल भारत योजना

44. निम्नलिखित में से कौन सा एक वित्तीय समावेशन का उद्देश्य नहीं है?
(a) गरीब आबादी के लिये वित्तीय सेवाओं का विस्तार करना।
(b) कमज़ोर वर्ग की संभावित संवृद्धि के द्वारा खोलना।
(c) बैंकिंग अधो:संरचना को सिकोड़ना।
(d) ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सेवाओं का प्रसार।

45. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| **दशक** | | **जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर (प्रतिशत में)** |
|---|---|---|
| (a) 1971-81 | - | 24.66 |
| (b) 1981-91 | - | 23.87 |
| (c) 1991-2001 | - | 21.54 |
| (d) 2001-2011 | - | 19.05 |

46. जनगणना आकलन रिपोर्ट प्रदर्शित करती है कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है। वर्ष 2020 में भारतीयों की औसत उम्र होगी:
(a) 27 वर्ष (b) 28 वर्ष
(c) 29 वर्ष (d) 30 वर्ष

47. जनसंख्या के निम्नलिखित में से किस अंग को समावेशी विकास के कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं किया जाता है?
(a) सीमान्त कृषक
(b) भूमिहीन कृषि श्रमिक
(c) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति
(d) अर्द्धशहरी क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्ति

48. 2014-15 में भारत देश के निर्यात में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी का परास है:
(a) 4 से 5 प्रतिशत (b) 5 से 6 प्रतिशत
(c) 6 से 7 प्रतिशत (d) 7 से 8 प्रतिशत

49. घाटे की वित्तीय व्यवस्था का अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ता है?
(a) करों में कमी (b) मजदूरी में बढ़ोतरी
(c) मुद्रा आपूर्ति में बढ़ोतरी (d) मुद्रा आपूति में कमी

50. निम्नलिखित पंचायतों में से किसे/किन्हें उत्तर प्रदेश में जिला योजना में सम्मिलित किया जाता है।
1. नगर पंचायत
2. ग्राम पंचायत
3. क्षेत्र पंचायत
नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये:
(a) केवल 1 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

51. निम्नलिखित में से कौन सा आयु समूह 'सर्व शिक्षा अभियान' में भर्ती होने के लिये पात्र है?
(a) 4-12 वर्ष (b) 6-14 वर्ष
(c) 5-15 वर्ष (d) 5-16 वर्ष

52. निम्नलिखित में से किस वर्ष में 'स्वावलम्बन योजना' प्रारम्भ की गई थी?
(a) 2010 ई. (b) 2011 ई.
(c) 2012 ई. (d) 2014 ई.

53. 2005-06 में प्रारम्भ की गई 'भारत निर्माण' योजना का अंग निम्नलिखित में से कौन नहीं है?
(a) ग्रामीण आवास (b) ग्रामीण स्वच्छता
(c) पेयजल (d) ग्रामीण सड़क

54. एशिया की सबसे बड़ी चीनी मिल उत्तर प्रदेश के किस स्थान पर अवस्थित है?
(a) खतौली (b) बलरामपुर
(c) बुलन्दशहर (d) नजीबाबाद

55. निम्नलिखित घटनाओं पर ध्यान दें तथा इन्हें कालानुक्रम में व्यवस्थित करें:
1. गरीबी हटाओ
2. बैंकों का राष्ट्रीयकरण
3. हरित क्रांति का प्रारंभ
नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये:
**कूट:**
(a) 1, 2 और 3 (b) 3, 2 और 1
(c) 2, 1 और 3 (d) 3, 1 और 2

56. उ.प्र. में सॉफ्टवेयर तथा बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग उद्योग का सबसे बड़ा केन्द्र अवस्थित है:
(a) मेरठ में (b) कानपुर में
(c) नोएडा में (d) वाराणसी में

57. 'e- बिज' सम्बंधित है:
(a) इलेक्ट्रॉनिक वाणिज्य से।
(b) वित्तीय लेन-देन हेतु एकल द्वारा (प्लेटफॉर्म) से।
(c) विपणन संबंधी पूछ-ताछ हेतु एकल द्वारा (प्लेटफॉम) से।
(d) सरकारी सेवाओं की पहुंच हेतु एकल द्वारा (प्लेटफॉर्म) से।

58. भारतीय आयकर अधिनियम की धारा-88 में उपलब्ध आयकर छूट को समाप्त करने की सिफारिश निम्नलिखित समिति ने की है:
(a) चेलैया समिति (b) केलकर समिति
(c) शोम समिति (d) रंगराजन समिति

59. 'प्रधानमंत्री आवास योजना' की समयावधि है।
(a) 2014-2021 (b) 2014-2024
(c) 2015-2022 (d) 2015-2025

60. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एन.एफ.एस.एम.) का उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन नहीं है?
(a) उच्च उत्पादक किस्म के बीजों का वितरण।
(b) सुधारीकृत उत्पादन तकनीक का निदर्शन।
(c) साख सुविधाओं को सुदृढ़ करना।
(d) फसलों की नई विकसित किस्मों का प्रचार-प्रसार करना।

61. भारत की जलवायु परिवर्तन पर प्रथम राष्ट्रीय क्रिया योजना प्रकाशित हुई:
(a) 2008 ई. में (b) 2012 ई. में
(c) 2014 ई. में (d) 2015 ई. में

62. निम्नलिखित तापमापियों में से किसे पायरोमीटर कहा जाता है?
(a) ताप-विद्युत तापमापी (b) विकिरण तापमापी
(c) गैस तापमापी (d) द्रव तापमापी

63. 'डायनेमो' एक युक्ति है जो परिवर्तित करती है:
(a) रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में।
(b) विद्युत ऊर्जा को यान्त्रिक ऊर्जा में।
(c) यान्त्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में।
(d) विद्युत ऊर्जा को रासायनिक ऊर्जा में।

64. वायु की गति निम्नलिखित के द्वारा नापी जाती है।
(a) बैरोमीटर (b) एनीमोमीटर
(c) हाइड्रोमीटर (d) विण्ड वेन

65. निम्नलिखित गैसों में से कौन सी एक ग्रीन हाउस गैस नहीं है?
(a) $CO_2$ (b) $CH_4$
(c) $NO_2$ (d) $O_2$

66. **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (केन्द्र)** | **सूची-II (खनिज)** |
|---|---|
| A. विटिकल्चर | 1. सब्जी-खेती |
| B. वेजीकल्चर | 2. मछली पालन |
| C. पिसीकल्चर | 3. वृक्षों की कृषि |
| D. ओलेरीकल्चर | 4. अंगूर की खेती |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

67. सर्वाधिक जैव-विविधता पाई जाती है:
(a) टुंधड्रा में (b) शंकुधारी वनों में
(c) उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों में (d) शीतोष्ण वनों में

68. मानव की समान्य स्वस्थ आंख के लिये स्पष्ट दृष्टि की न्यूनतम दूरी मानी जाती है:
(a) 50 सेमी (b) 10 सेमी
(c) 15 सेमी (d) 25 सेमी

69. उर्वरक के अत्यधिक प्रयोग से होता है:
(a) मृदा प्रदूषण (b) जल प्रदूषण
(c) वायु प्रदूषण (d) उपर्युक्त सभी

70. निम्नलिखित में से कौन कृत्रिम पारिस्थितिक तंत्र है?
(a) धान का खेत (b) वन
(c) घास का मैदान (d) झील

71. न्यूक्लीय रिऐक्टरों में विमन्दक और प्रशीतक दोनों की तरह प्रयुक्त होने वाला पदार्थ है:
(a) साधारण पानी (b) भारी पानी
(c) द्रव आमोनिया (d) द्रव हाइड्रोजन

72. निम्नलिखित में से कौन सा वायु प्रदूषक ऑक्सीजन की अपेक्षा अधिक शीघ्रता से रक्त के हीमोग्लोबिन में घुल जाता है?
(a) पैन (PAN) (b) कार्बन डाईऑक्साइड
(c) कार्बन मोनोक्साइड (d) ओज़ोन

73. हीमोग्लोबिन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. यह रक्त में ऑक्सीजन का संचार करता है।
2. यह लौह युक्त यौगिक है।
3. यह कुछ रोगों के प्रति, प्रतिरक्षा प्रदान करता है।
4. यह रक्त को लाल रंग प्रदान करता है।
इनमें से सही कथन हैं:
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

74. 'बिग-बेन्ग सिद्धांत' निम्नलिखित के उद्भव की व्याख्या करता है:
(a) स्तनधारी जीव (b) हिम युग
(c) ब्रह्माण्ड (d) महासागर

75. प्रकाश-वोल्टीय सेल होते हैं:
(a) सौर -सेल (b) थर्मल सेल
(c) सल्फर सेल (d) मोलर सेल

76. वायु शक्ति (विण्ड पावर) में ऊर्जा का कौन सा रूप विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित होता है?
(a) गतिज ऊर्जा (b) स्थितिज ऊर्जा
(c) सौर ऊर्जा (d) विकिरण ऊर्जा

77. खाद्य-श्रृंखला (फूड चेन) में मानव है:
(a) एक निर्माता
(b) केवल प्राथमिक उपभोक्ता
(c) केवल द्वितीयक उपभोक्ता
(d) प्राथमिक तथा द्वितीयक उपभोक्ता

78. जैव-विविधता के ह्रास का मुख्य कारण है:
(a) आवासीय प्रदूषण
(b) विदेशज प्रजातियों का समावेश
(c) अत्यधिक दोहन
(d) प्राकृतिक आवासीय विनाश

79. विटामिन-E का महत्वपूर्ण स्रोत निम्नलिखित में से कौन है?
(a) ताड़ का तेल (b) नारियल का तेल
(c) गेहूँ-अंकुर का तेल (d) राई (सरसों) का तेल

80. कैफीन क्षारभ उपस्थित रहता है:
(a) केवल चाय में (b) केवल कॉफी में
(c) चाय और कॉफी में (d) नींबू पानी में

81. आइन्सटीन को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया:
(a) प्रकाश-वैद्युत प्रभाव के लिये
(b) विशिष्ट ऊष्माओं के सिद्धांत के लिये
(c) विशेष सापेक्षिकता सिद्धांत के लिये
(d) बोस-आइन्सटीन सांख्यिकी के लिये

82. राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान स्थापित है:
(a) करनाल में (b) हिसार में
(c) आनंद में (d) जयपुर में

83. मानव-सदृश लघुतम कपि है:
(a) गिबन (b) चिम्पैंज़ी
(c) गोरियल्ला (d) ऑरैन्गूटान

84. मलेरिया रोग की प्रभावी औषधि कुनैन का निष्कर्षण किया जाता है:
(a) सिनेमन की छाल से
(b) सिनकोना की छाल से
(c) तुलसी की पत्तियों से
(d) कत्था-वृक्ष की छाल से

85. जीन के भीतर अनुक्रम-आधार परिवर्तन कहलाता है।
(a) प्रजनन (b) प्रतिरूपण
(c) उत्परिवर्तन (d) संयोजन

86. भारत में निम्नलिखित में से कौन सा अधिनियम वन्य जीवों को संरक्षण प्रदान करता है?
(a) वन्य जीव संरक्षण अधिनियम-1972
(b) वन संरक्षण अधिनियम-1972
(c) पर्यावरण संरक्षण अधिनियम-1996
(d) पश्चिम बंगाल वन्य जीव संरक्षण अधिनियम-1959

87. जिस रूप में पौधे नाइट्रोजन प्राप्त करते हैं, वह है:
(a) नाइट्रिक ऑक्साइड (b) नाइट्रेट
(c) अमोनिया (d) नाइट्राइड

88. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म में सही सुमेलित नहीं है?
(a) थायमीन - बेरीबरी
(b) ऐस्कॉर्बिक अम्ल - स्कर्वी
(c) विटामिन A - वर्णांधता
(d) विटामिन K - रक्त जमना

89. ल्यूकैमिया एक प्रकार का कैंसर है जिसमें असाधारण बढ़ोतरी होती है:
(a) अस्थि कोशिकाओं की संख्या में
(b) प्लेटलेट की संख्या में
(c) लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या में
(d) श्वेत रक्त कोशिकाओं की संख्या में

90. जो मनुष्य यह नहीं समझ पाता कि कब उसे भोजन करना रोक देना चाहिये, वह पीड़ित है:
(a) बुलीमिया से (b) मधुमेह से
(c) ऐनोरेक्सिया नर्वोसा से (d) अतिअम्लता से

91. मानव रक्ताधान के लिये कौन सा रक्त समूह सार्वत्रित दाता (यूनिवर्सल डोनर) होता है?
(a) $B^+$ समूह (b) O समूह
(c) AB समूह (d) $A^+$ समूह

92. निम्नलिखित में से कौन जल को जीवाणु मुक्त करने हेतु प्रयुक्त होता है/ होते हैं?
(a) ओज़ोन (b) क्लोरीन डाइऑक्साइड
(c) क्लोरैमीन (d) उपर्युक्त सभी

93. मस्तिष्क जिम्मेदार है:
(a) सोचने के लिये
(b) हृदय गति नियंत्रण के लिये
(c) शरीर के संतुलन के लिये
(d) उपर्युक्त तीनों के लिये

94. भारतीय पशु-चिकित्सा विज्ञान अनुसंधान संस्थान अवस्थित है:
(a) बरेली में (b) मथुरा में
(c) करनाल में (d) पटना में

95. मिर्च की तीक्ष्णता का कारण है
(a) लाइकोपिन की उपस्थिति
(b) कैप्सैइसिन की उपस्थिति
(c) कैरोटीन की उपस्थिति
(d) ऐन्थोसायनिन की उपस्थिति

96. निम्नलिखित भोज्य पदार्थों में से किसमें सभी अनिवार्य ऐमीनो अम्ल उपस्थित हैं?
(a) चावल (b) दूध
(c) अंडा (d) सोयाबीन

97. पृथ्वी की परिक्रमण धुरी (ध्रवीय धुरी) सदा झुकी होती है:
(a) दीर्घवत्तीय धुरी से $23.0^0$ पर
(b) दीर्घवत्तीय धुरी से $23.1^0$ पर
(c) दीर्घवत्तीय धुरी से $24.5^0$ पर
(d) दीर्घवत्तीय धुरी से $25.5^0$ पर

98. कलिंग युद्ध का विवरण हमें ज्ञात होता है:
(a) 13वें शिलालेख द्वारा
(b) रूम्मिनदेई स्तम्भ लेख द्वारा
(c) ह्वेनसाँग के विवरण द्वारा
(d) प्रथम लघु शिलालेख द्वारा

99. एक ही कब्र से तीन मानव कंकाल निकले हैं:
(a) सराय नाहर राय से (b) दमदमा से
(c) महदहा से (d) लंघनाज से

100. एथेनॉल के व्यावसायिक उत्पादन में कौन सा खमीर प्रयोग में लाया जाता है?
(a) कैन्डीडा एल्बीकेन्स
(b) सैकरोमाइसीज सेरेविसी
(c) कैन्डीडा स्लूफी
(d) ल्यूकोस्पोरीडियम फ्राइजीडियम

101. बायोगैस संयंत्र से निष्कासित निम्नलिखित में से कौन सी गैस ईंधन गैस के रूप में उपयोग में आती है?
(a) ब्यूटेन (b) प्रोपेन
(c) मेथेन (d) एथेन

102. निम्नलिखित में से किसका उपयोग रक्त कैंसर के उपचार में किया जाता है?
(a) आयोडीन-131 (b) सोडियम-24
(c) फॉस्फोरस-32 (d) कोबाल्ट-60

103. 'विक्रमशिला विहार' का संस्थापक कौन था?
(a) गोपाल (b) देवपाल
(c) धर्मपाल (d) महिपाल

104. कृष्ण देव राय ने किस नगर की स्थापना की?
(a) वारंगल (b) नागलापुर
(c) उदयगिरी (d) चन्द्रगिरि

105. जहांगीर ने मुख्यतया निम्नलिखित में से किस कला को संरक्षण दिया था?
(a) चित्रकला (b) स्थापत्य कला
(c) मूर्तिकला (d) संगीत कला

106. 'गुलाम का गुलाम' किसे कहा गया था?
(a) मो. गोरी (b) कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) बलबन (d) इल्तुतमिश

107. निम्नलिखित में से किस मुगल शासक ने लाला कलावन्त से हिन्दू संगीत की शिक्षा ली?
(a) हुमायूँ (b) जहाँगीर
(c) अकबर (d) शाहजहाँ

108. मुगलकाल में जिस मदरसे ने 'मुस्लिम न्याय-शास्त्र' की पढ़ाई में विशिष्टता हासिल की, वह स्थित था:
(a) लखनऊ में (b) दिल्ली में
(c) सियालकोट में (d) हैदराबाद (भारत में)

109. किस वर्ष बाबर ने सुल्तान इब्राहीम लोदी को पानीपत की लड़ाई में पराजित किया?
(a) 1527 ई. (b) 1526 ई.
(c) 1525 ई. (d) 1524 ई.

110. सर टामस मुनरों किन वर्षों में मद्रास के गवर्नर रहे?
(a) 1820-1827 ई. (b) 1819-1826 ई.
(c) 1822-1829 ई. (d) 1818-1825 ई.

111. 'दि रूट्स ऑफ एन्शियन्ट इण्डिया' के लेखक थे:
(a) डी.के. चक्रवर्ती (b) डी.पी.अग्रवाल
(c) डब्लू.ए फेअरसर्विस (d) ए.घोष

112. विन्ध्य क्षेत्र के किस शिलाश्रय से सर्वाधिक मानव कंकाल मिले हैं.?
(a) मोरहना पहाड़ (b) घघरिया
(c) बघही खोर (d) लेखहिया

113. 'पृथिव्या प्रथम वीर' उपाधि थी:
(a) समुद्रगुप्त की
(b) राजेन्द्र प्रथम की
(c) अमोघवर्ष की
(d) गौतमीपुत्र शातकर्णी की

114. 'भारतीय गौरव (यश) का अंतिम सूर्य' किसके लिये प्रयुक्त हुआ?
(a) शिवाजी (b) पृथ्वीराज
(c) राणा प्रताप (d) हेमू

115. 'खिलाफत आंन्दोलन' के प्रमुख नेता निम्नलिखित में से कौन थे?
(a) मौलाना मोहम्मद अली और सौकत अली
(b) मोहम्मद अली जिन्नाह् और सौकत अली
(c) मौलाना अबुल कलाम आजाद और रफी अहमद किदवई
(d) रफी अहमद किदवई और सौकत अली

116. देवबन्द आन्दोलन, यू.पी. (संयुक्त प्रान्त) में किस वर्ष में आरंभ हुआ था?
(a) 1900 ई. (b) 1888 ई.
(c) 1985 ई. (d) 1866 ई.

117. मोतीलाल नेहरू और सी.आर.दास द्वारा 1923 ई. में गठित पार्टी का नाम क्या था?
(a) इण्डिपेंडेंस पार्टी (b) गदर पार्टी
(c) स्वराज पार्टी (d) इण्डियन नेशनल पार्टी

118. लॉर्ड डलहौज़ी की 'विलय-नीति' का प्रथम शिकार निम्नलिखित में से कौन हुआ था?
(a) झाँसी (b) सतारा
(c) करौली (d) सम्बलपुर

119. **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित कीजिय और सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. प्रथम कर्नाटक युद्ध | 1. पेरिस की सन्धि से अंत |
| B. तृतीय कर्नाटक युद्ध | 2. ब्रिटिश की हार |
| C. द्वितीय कर्नाटक युद्ध | 3. अनिर्णायक युद्ध |
| D. प्रथम मैसूर युद्ध | 4. एक्स ला चैपल की संधि से अंत |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

120. पश्चिमी भारत के डी.के. कार्वे का नाम निम्नलिखित में किस संदर्भ में आता है?
(a) सती प्रथा (b) बाल (शिशु) हत्या
(c) स्त्री शिक्षा (d) विधवा पुनर्विवाह

121. लोक सभा द्वारा पारित धन-विधेयक राज्य सभा द्वारा भी पारित मान लिया जायेगा, यदि राज्य सभा द्वारा उस पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती:
(a) 10 दिनों तक (b) 14 दिनों तक
(c) 15 दिनों तक (d) 16 दिनों तक

122. किसी जाति तथा जनजाति को अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति घोषित करने हेतु शक्ति सम्पन्न सांविधानिक प्राधिकारी है:
(a) भारत का राष्ट्रपति
(b) भारत का प्रधानमंत्री
(c) समाज कल्याण मंत्री
(d) अनु.जा./अनु.जनजाति आयोग का अध्यक्ष

123. अंग्रेजों के विरूद्ध खान अब्दुल गफ्फार खान द्वारा प्रारंभ किये गए आंदोलन का क्या नाम था?
(a) लाल कुर्ती (रेड शर्ट)
(b) क्विट इंडिया
(c) खिलाफत
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

124. निम्नलिखित में से किसके विरोध में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अपनी 'नाइटहुड' का परित्याग कर दिया था?
(a) रौलेट ऐक्ट
(b) जलियावाला बाग जनसंहार
(c) साइमन कमीशन
(d) क्रिप्स मिशन

125. **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिये और नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. सांविधानिक संशोधन | 1. अनुच्छेद-360 |
| B. वित्त आयोग | 2. अनुच्छेद-312 |
| C. वित्तीय आपात | 3. अनुच्छेद-280 |
| D. अखिल भारतीय सेवाएं | 4. अनुच्छेद-368 |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

126. सरकारिया आयोग निम्नलिखित संबंधों में से किसकी समीक्षा हेतु स्थापित किया गया है?
(a) प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रपति के मध्य
(b) विधायिका तथा कार्यपालिका के मध्य
(c) केन्द्र तथा राज्यों के मध्य
(d) कार्यपालिका तथा न्यायपालिका के मध्य

127. आंतरिक सुरक्षा अकादमी अवस्थित है:
(a) माउण्ट आबू (b) नासिक
(c) हैदराबाद (d) पूणे

128. राज्य वित्त आयोग है, एक:
(a) विधिक संख्या
(b) असांविधिक संख्या
(c) संवैधानिक संस्था
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

129. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय समझौतों को प्रभावी बनाने हेतु संसद राज्य सूची के विषय पर कानून बना सकती है।
(a) अनु. 249 (b) अनु. 250
(c) अनु. 252 (d) अनु. 253

130. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में निर्वाचन आयोग के लिये प्रावधान है?
(a) अनुच्छेद 320 (b) अनुच्छेद 322
(c) अनुच्छेद 324 (d) अनुच्छेद 326

131. भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 'संविधान के आधारभूत ढांचे' के सिद्धात को स्पष्ट किया है:
(a) गोलकनाथ वाद 1967 में
(b) सज्जन सिंह वाद 1965 में
(c) शंकरी प्रसाद वाद 1951 में
(d) केशवानन्द भारती वाद 1973 में

132. अनुच्छेद-249 के खण्ड (1) के अंतर्गत पारित प्रस्ताव निम्नलिखित में से किससे अधिक समय के लिये प्रवृत्त नहीं रहेगा?
(a) एक माह (b) तीन माह
(c) छः माह (d) एक वर्ष

133. संविधान के किस भाग में पंचायती राज व्यवस्था संबंधी प्रावधान दिये गए हैं?
(a) IX (b) VI
(c) III (d) IV(a)

134. पंचायती राज्य व्यवस्था अपनाई गई थी:
(a) लोगों को राजनैतिक जागरूकता प्रदान करने हेतु।
(b) लोकतंत्र की शक्तियों के विकेन्द्रीकरण के लिये।
(c) कृषकों को शिक्षित करने के लिये।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

135. भारत में ''पंचायती राज व्यवस्था का शिल्पी'' किसे कहा जाता है?
(a) आचार्य नरेन्द्र देव (b) जी.वी.के.राव
(c) बी.आर.मेहता (d) एल.एम. सिंघवी

136. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
**कथन (A):** संविधान के अनुच्छेद 32 को डॉ. अम्बेडकर ने इसकी आत्मा कहा था।
**कारण (R):** अनुच्छेद 32, मौलिक अधिकारों के अतिक्रमण के विरूद्ध प्रभावी उपचार का प्रावधान करता है।
नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये:
कूट:
(a) A तथा R दोनों ही सही हैं और A का सही स्पष्टीकरण R है।
(b) A तथा R दोनों ही सही हैं और A का सही स्पष्टीकरण R नहीं है।
(c) A सही है, किन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, किन्तु R सही है।

137. पंचायत चुनावों में अनुसूचित जातियों के लिये पदों का आरक्षण किस राज्य में लागू नहीं होगा?
(a) उत्तर प्रदेश (b) असम
(c) अरूणाचल प्रदेश (d) हरियाणा

138. निम्नलिखित में से कौन पंचायतों की संरचना के बाबत उपबंध करने को अधिकृत है?
(a) राज्य का राज्यपाल
(b) राज्य का विधान मण्डल
(c) भारत की संसद
(d) भारत का राष्ट्रपति

139. भारत में एक नया राज्य सृजित करने वाले विधेयक को पारित होना अनिवार्य है:
(a) संसद में साधारण बहुमत तथा कम-से-कम दो-तिहाई राज्यों के अनुसमर्थन द्वारा।
(b) संसद में साधारण बहुमत द्वारा।
(c) संसद में दो-तिहाई बहुमत तथा कम-से-कम दो-तिहाई राज्यों के अनुसमर्थन द्वारा।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

140. भारत में नागरिकों के मौलिक अधिकारों में संशोधन कौन कर सकता है?
(a) लोक सभा (b) राज्य सभा
(c) संसद (d) सर्वोच्च न्यायालय

141. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद भारत की विदेश नीति से सम्बंधित है?
(a) अनुच्छेद 380 (b) अनुच्छेद 312
(c) अनुच्छेद 60 (d) अनुच्छेद 51

142. **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. भारत का नियंत्रक एवं महालेखा | 1. अनुच्छेद-315 |
| B. वित्त आयोग | 2. अनुच्छेद-280 |
| C. प्रशासनिक अधिकरण | 3. अनुच्छेद-148 |
| D. संघ लोक सेवा आयोग | 4. अनुच्छेद-323(A) |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

143. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 (ZJ) के अनुसार सहकारी समिति के निदेशकों की अधिकतम संख्या हो सकती है:
(a) 21 (b) 15
(c) 11 (d) 7

144. वर्ष 2015 के भौतिक-शास्त्र के नोबेल पुरस्कार विजेता टी. काजिता और ए. मैकडोनाल्ड निम्नलिखित में से क्रमश: किस देश के निवासी हैं?
(a) यू.एस.ए. और जापान (b) जापान और यू.एस.ए.
(c) जापान और कनाडा (d) कनाडा और यू.एस.ए.

145. भारत तथा पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बैंकॉक में गोपनीय मिलन के बाद विदेश मंत्री सुषमा स्वराज पाकिस्तान में 'हाई ऑफ एशिया सम्मेलन' में भाग लेने गई, जो वर्ष 2015 में आयोजित हुआ था:
(a) कराची में (b) पेशावर में
(c) लाहौर में (d) इस्लामाबाद में

146. यू.एन.एच.सी.आर. के अनुसार यूरोप में शरणार्थियों और विस्थ. ापितों की संख्या हाल ही में किस सीमा पर पहुंच गई?
(a) 1.0 मिलियन (b) 1.5 मिलियन
(c) 2.0 मिलियन (d) 3.0 मिलियन

147. विश्व का कौन सा देश अपने नागरिकों को प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिये वैकल्पिक राजधानी का निर्माण कर रहा है?
(a) आर्मेनिया (b) फिलीपींस
(c) वियतनाम (d) थाईलैण्ड

148. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त अपना पद धारण करता है।
(a) भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(b) मुख्य निर्वाचन आयुक्त
(c) लोक सभा अध्यक्ष
(d) भारत का महान्यायवादी

149. हाल ही में खोजी गई विश्व की सबसे महंगी धातु है:
(a) एंडोहेड्रल फुलरीन (b) कैलीफोरनियम 252
(c) ट्रिटियम (d) रोडियम

150. निम्नलिखित में से कौन सी अभिनेत्री 'निर्मल भारत अभियान' की ब्रान्ड अम्बेसडर हैं?
(a) माधुरी दीक्षित (b) विद्या बालन
(c) प्रियंका चोपड़ा (d) परिणीति चोपड